अव्यवस्था | जमकर हो रही शराबखोरी

# मुख्य स्टेशन बना ओपन बार





**जबलपुर, नवभारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्र एक और छह के बाहर दिनभर शराबखोरी होना अब आम बात बन चुकी है। आरपीएफ और जीआरपी की सही तरीके से परिसर में मॉनिटरिंग नही होने के कारण स्टेशन परिसर में बाहर से आकर असामाजिक तत्वों द्वारा जमकर शराबखोरी की जा रही है। इस की बानगी बुधवार दोपहर को प्लेटफार्म क्रमांक 6 के बाहर देखी गई जहां काली एसयूवी कार में सवार 3 युवा तकरीबन 1 घंटे तक परिसर में शराबखोरी करते रहे। हद तो तब हो गई जब वे खुलेआम परिसर में ही शराब की बोतले फेक कर चलते बने। सिर्फ दिन के समय ही नहीं शाम होते ही रेलवे स्टेशन के आसपास कॉलोनी परिसर में भी शराबियों और नशेड़ियों का जमावड़ा होता है। नशे में वे वहां हल्ला गुल्ला और हुड़दंग करते हैं। स्टेशन परिसर के आसपास रहने वाले लोग इन नशेड़ियों के कारण बाहर नहीं निकल पाते। ऐसा रोज होने से वे परेशान हो चुके हैं। वही जिम्मेदारों ने बताया कि उन्होंने रेलवे स्टेशन के पास नशेड़ियों को इकट्ठा होने से कई बार मना किया लेकिन इसका उनपर कोई असर नहीं हुआ। बता दे कि रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षाकर्मी प्रर्याप्त नहीं है जिसके कारण शराबियों के हौसले बुलंद हो चुके है। कई बार की पुलिस गाड़ी के आने के बाद वे भाग जाते हैं और दूसरे दिन फिर आ जाते हैं।

### सड़कों को घेर कर खड़ी बसें

मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्र 6 से संचालित की जा रही मेट्रो बसें भी आटो की तर्ज पर बीच पर दिनभर जमी रहती है और तो और यह बसें स्टेशन परिसर की सड़को पर कहीं भी खड़ी होकर सवारी बैठाने लगी है। जिससे यातायात व्यवस्था तो बिगड़ ही रही है वही हादसे का अंदेशा भी हो रहा है। रेलवे स्टेशन में मेट्रो बसों के लिए कोई फिक्स स्टाप नहीं बनाए गए हैं। जिसके चलते मेट्रो बस चालक आटो चालकों की तर्ज पर बीच सड़क पर अचानक बस को रोककर सवारी बैठा और उतार रहे हैं। बता दे कि बीच सड़क, चौराहों पर अचानक बसें खड़ी कर दिए जाने से कई बार दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है। जिससे किसी दिन हादसा होने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।



## नवविवाहिता के पेट में उठा दर्द, मौत

**जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत सालीवाड़ा निवासी एक नवविवाहिता की अचानक तबियत बिगड़ गई। उसके पेट में तेज दर्द उठा। जिसे आनन फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गुरूवार को आदित्य नाथ 22 वर्ष निवासी सालीवाडा बरगी ने सूचना दी कि उसकी शादी 2024 में सामजिक रीतिरिवाज से हुई थी। रात 3 बजे उसकी पत्नि श्रीमति शशिकला नाथ के पेट में तेज दर्ज होने पर बरगी अस्पताल ले कर गया था जहॉ से मेडिकल कालेज रिफर करने पर मेडिकल कॉलेज ले जाकर पत्नि को भर्ती कराया जहॉ दौरान उपचार के गुरूवार दोपहर 1-30 बजे पत्नि श्रीमति शशिकला नाथ 22 वर्ष की हो गई।

# मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका पर अंतिम सुनवाई निर्धारित

**केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह के बेटे के आवेदन पर भोपाल कोर्ट ने जारी किया था समन**

**जबलपुर।** केंद्रीय मंत्री शिवराज के बेटे के द्वारा दायर मानहानि के मामले में भोपाल जिला न्यायालय ने कांग्रेस सांसद व लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष को समन जारी किये थे। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में राहुल गांधी की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने याचिका पर 12 मई को अंतिम सुनवाई निर्धारित की है।

केन्द्रीय मंत्री तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह ने एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल में राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि के कार्यवाही किये जाने की मांग करते हुए आवेदन पेश किया था। आवेदन में कहा गया था कि 29 अक्टूबर 2018 को झाबुआ में हुई एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि पनामा पेपर लीक मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री के बेटे कार्तिकेय चौहान का नाम शामिल है। जिसके कारण शिकायतकर्ता व उसके परिवार की छवि धूमिल हुई है।

एमपी एमएलए कोर्ट ने दिसम्बर 2024 को राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 499 व 500 के तहत आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कर उनके खिलाफ समन जारी किये थे। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में उक्त याचिका दायर की गयी थी। याचिका पर पूर्व में हुई के दौरान एकलपीठ ने पाया कि मई 2025 के बाद से एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा आर्डर शीट रिकॉर्ड में नहीं है। एकलपीठ ने प्रकरण की लेटेस्ट स्थिति के लिए कोर्ट की उक्त तारीख के बाद भी सभी आर्डर शीट प्रस्तुत करने के आदेश याचिकाकर्ता देते हुए अनावेदक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। एकलपीठ ने गुरुवार को सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये।

# गड़बड़ी करने वालों पर लगाम लगाये, शिकायतों पर एक्शन लें : कलेक्टर

**गेहूं उपार्जन प्रगति की समीक्षा, परिवहन और भंडारण में तेजी लाने के निर्देश**



**जबलपुर।** जहां भी उपार्जन में अनियमितता या लापरवाही पाये जाये उस पर तुरंत कार्यवाही करें। खरीदी व्यवस्था का बिचौलियों या व्यापारियों द्वारा अनुचित लाभ उठाने की कोशिशों पर सख्ती से लगाम लगाई जाये और जहां कहीं से भी ऐसी शिकायतें मिले तत्काल एक्शन लें। कहीं गड़बड़ी न हो । यह बातें कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिला उपार्जन समिति की गुरूवार की सुबह आयोजित बैठक में में कहीं। उन्होंने किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गये गेहूं के परिवहन और भंडारण में गति लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को अभी तक हुई खरीदी के स्वीकृति पत्रक शीघ्र जारी करने की हिदायत भी दी, ताकि किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि खरीदी केन्द्र परिसर में रखे उपार्जित गेहूं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये। श्री सिंह ने बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी में उपार्जन नीति का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाये। श्री सिंह ने कहा कि खरीदी केन्द्र में बारदाने और तौल-कांटे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

### 15 हजार 432 किसानों से हुई खरीदी

बैठक में बताया गया कि बुधवार की शाम तक जिले में 15 हजार 432 किसानों से 7 लाख 91 हजार 015 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी थी तथा पंजीयन कराने वाले 50 हजार 788 किसानों में से 36 हजार 804 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराये जा चुके थे। बुधवार तक 16 करोड़ 15 लाख 28 हजार 510 रूपये का भुगतान भी किसानों को किया जा चुका है। बैठक में नोडल अधिकारी उपार्जन संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सीमा बोरसिया तथा उपार्जन समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

## किराये पर ली ट्रैक्टर ट्राली हड़पी

**जबलपुर ।** किराये पर ट्रैक्टर ट्राली लेकर अमानत में ख्यानत कर हड़पने वाले आरोपी के खिलाफ अधारताल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सुरेश कुमार गडारी 40 वर्ष निवासी अगरिया मझगवा ने लिखित शिकायत की उसने ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 ए 9667 को वर्ष 2019 में जिला उमरिया से कृषि कार्य के लिए खरीदा था। 29 अगस्त 25 को दीपकपुरी गोस्वामी निवासी इंद्राना थाना मझौली को 30 हजार रुपये पर मासिक किराये पर दिया था । दीपक पुरी वाहन को किराए पर लेकर ट्रांसपोर्ट नगर महाराजपुर आधारताल में ले गया था। इसके बाद न तो किराया देना न ट्रेक्टर वापस कर रहा है। धोखाधडी कर ट्रेक्टर को खुर्द बुर्द कर दिया है।

# चाकू से गोदकर दस्सीलाल की हत्या करने वाले 3 गिरफ्तार



**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत जोधपुर पड़ाव में ढोलक वादक दस्सीलाल की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अंधी हत्या का खुलासा गुरूवार को पुलिस कंट्रोल रूम में करते हुये अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि जोधपुर पड़ाव निवासी 47 वर्षीय दस्सीलाल बसोर ढोलक वादक था। वे अपने बेटे मोनू बसोर के साथ विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों में ढोलक बजाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। चार मई को भी पिता-पुत्र पाटन में एक शादी समारोह में गए थे। काम खत्म कर वे देर रात घर लौटे और थकान के कारण गहरी नींद में सो गए थे। रात करीब 2:30 बजे दस्सीलाल की पत्नी लघुशंका के लिए घर से बाहर निकली थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन आवारा युवक वहाँ पहुँचे थे। सीधे हाथापाई करने लगे, वह चिल्लाई तो उसका लडका मोनू बाहर आया उनमें से एक लडके ने उसके बेटे मोनू का गला पकड लिया, आवाज सुनकर दस्सीलाल बाहर निकला जब उसने युवकों का विरोध किया और उन्हें वहाँ से जाने को कहा, तो आरोपी भड़क गए। एक युवक ने पास रखा धारदार चाकू निकाला और दस्सीलाल के शरीर पर कई वार कर हत्या कर दी थी । पलिस ने घटना स्थल के आस-पास के लोगों से पूछताछ की गयी एवं सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले। सुराग मिलने पर संदेहियों शुभम पाण्डेय पाण्डेय (24) निवासी शास्त्रीनगर तिलवारा, शरद बर्मन पिता मुकेश बर्मन (21) निवासी दुर्गा नगर भटौली थाना ग्वारीघाट, 17 वर्षिय बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिन्होंने पुराने विवाद का बदला लेने वारदात करना स्वीकार किये सभी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 2 बटनदार चाईना चाकू, एक काले रंग की बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल एवं घटना दौरान आपस में बातचीत के लिए उपयोग किये गये 2 मोबाइल फोन को जप्त किया गया ।

### फरारी के दौरान चाकू मारकर लूटा था मोबाइल

टीआई बृजेश मिश्रा ने बताया कि पूछताछ दौरान तीनों ने आरोपियों ने हत्या करने के बाद भागते समय गढ़ा रेल्वे स्टेटशन के सामने जंक्शन ढाबा के पास खडे 2 लडको से रूपयों की मांग की, नहीं देने पर चाकू मारकर उनका मोबाइल की छीनना स्वीकार किये जिनके कब्जे से छीना हुआ मोबाइल भी जप्त करते हुये तीनों को उपरोक्त दोनों प्रकरणों में विधिवित गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर में



### कैडेट्स को ड्रोन संचालन की ट्रेनिंग दी गई

**जबलपुर, नवभारत।** एन सी सी कैडेट्स को तकनिकी रूप से सक्षम बनाने की परिकल्पना के अनुरूप, मप्र आर्टी रेजीमेंट के 432 कैडेट्स को ड्रोन तकनीक की बुनियादी बातें जैसे की ड्रोन के प्रकार, उनकी उपयोगिता एवं संचालित, उड़ाने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर की बेसिक ट्रेनिंग लैब में सिम्युलेटर पर भी ड्रोन संचालन की ट्रेनिंग दी गई। ये कैडेट्स ग्रुप कमांडर रितेश बहल, एन सी सी ग्रुप मुख्यालय, जबलपुर के तत्वाधान एवं कैंप कमांडेंट 1 म.प्र आर्टी रेजिमेंट एन सी सी के निर्देशन में ज्ञानोदय आवासीय विधालय रॉझी, जबलपुर में 04 से 13 मई तक शिविर में भाग ले रहें है।

### दिव्यांग यात्रियों की बेहतर सेवा हेतु जबलपुर मंडल संकल्पित

**जबलपुर, नवभारत।** शारीरिक रूप से दिव्यांग यात्रियों की सुविधा और यात्रा को आसान बनाने के लिए जबलपुर रेल मंडल लगातार प्रयासरत है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में, चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह में 1 से 30 अप्रैल के मध्य कुल 157 रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड जारी किए गए हैं। इन रियायत कार्डों के माध्यम से दिव्यांग यात्रियों को किराए में छूट के साथ-साथ, नियमानुसार परिचारक के साथ यात्रा करने की सुविधा भी प्रदान की जाती है। जबलपुर रेल मंडल का यह प्रयास सरकार द्वारा दी जा रही रियायतों का लाभ अधिक से अधिक योग्य यात्रियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया है। सभी दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात कार्ड जारी किया जाता है, जिसकी सूचना आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिल जाती है। आवेदन के समय यात्रियों को सही एवं पूर्ण जानकारी सावधानी पूर्वक भरनी चाहिए। जारी किए गए रियायत कार्ड की जानकारी रेलवे के सॉफ़्टवेयर में अपडेट कर दी जाती है, जिससे टिकट बुकिंग के समय केवल रियायत कार्ड की फोटोकॉपी दिखाकर किराए में छूट का लाभ लिया जा सकता है।

### पेशी में पहुंचा बदमाश चाकू के साथ धराया



**जबलपुर ।** ओमती थाना अंतर्गत जिला न्यायालय गेट नंबर तीन के बाहर पुलिस ने दबिश देते हुए एक बदमाश को चाकू समेत पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपी पेशी में आया हुआ था । पुलिस के मुताबिक प्रेम सोनकर पिता संजू सोनकर 20 वर्ष निवासी बापू नगर रांझी के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज है। आरोपी गुरूवार दोपहर पेशी में जिला न्यायालय आया हुआ था । सूचना मिली कि आरोपी गेट नंबर तीन के बाहर खड़ा हुआ है और चाकू रखे हुए है । सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया जिसके बाद से एक बटनदार चाकू बरामद हुआ।

# 130 पर चालानी कार्रवाई, लायसेंस निलंबन करने आरटीओ को भेजे



**जबलपुर।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से चल रहे विशेष अभियान के तहत बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालको चालान बनाये गए । गुरूवार को कुल 130 चालानी कार्यवाही की गई एवं संबंधित वाहन चालक के ड्रायविंग लायसेंस निलंबन की कार्यवाही के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जबलपुर को प्रकरण भेजे गये है। इसके साथ ही आम रोड पर खड़े ऐसे वाहन जो सुचारू यातायात व्यवस्था में बाधा उत्तन्न करते पाये गये, उनके विरूद्व व्हील लॉक की कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए । थाना प्रभारी यातायात घमापुर निरीक्षक शशि धुर्वे ,सूबेदार योगेश चौकसे एवं यातयात टीम द्वारा लगभग 700 एनसीसी कैड्टिस को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं के आकड़ो की जानकारी बताते हुए सभी को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की उपयोगिता, अनिवार्यता के संबंध में अवगत कराते हुए सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। सड़क पर चलने के नियम, यातायात सिंग्नल का पालन करने, तेज गति से वाहन न चलाने आदि की समझाइश दी गई।



## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ द्वारा अजय, महेंद्र का किया गया स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** शहर जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ के हनुमानताल स्थित निवास पर मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव , समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह चौहान का आगमन हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चौधरी, उत्तर मध्य के पूर्व विधायक विनय सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रहे। आगमन पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ द्वारा एवं राजेन्द्र रज्जू सराफ एवं राखी सराफ द्वारा अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोज नामदेव, नगर निगम उपनेता प्रतिपक्ष गुड्डू नबी, पार्षद अख्तर अंसारी, कहकशा अंजुम, फहिम खान, सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के केशव प्रसाद चौरसिया, निर्मल चंद जैन, गुरु प्रसाद निखारा, ओमप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश जायसवाल, शिवमंगल यादव, मदन मोहन राय, पवन सोनी, श्याम सोलंकी, अशोक यादव, विष्णु विनोदिया, सहित सैकड़ों की संख्या में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों के वंशज उपस्थित रहे।

# शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के क्रियान्वयन को लेकर बैठक



**जबलपुर।** सेना, सुरक्षा बलों, पुलिस एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों की तैयारी कराने शासन द्वारा प्रारंभ की गई शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 का जिले में सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने गुरुवार को जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत के सीईओ गहलोत ने बैठक को संबोधित करते हुये इस योजना की जानकारी महाविद्यालयों में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राओं तक पहुँचाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बैठक में मौजूद नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ अलकेश चतुर्वेदी को इच्छुक छात्र-छात्राओं से कलेक्ट्रेट स्थित पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिये। श्री गहलोत ने शारीरिक मापदण्ड परीक्षण एवं शारीरिक प्रशिक्षण के लिए पुलिस से ट्रेनर उपलब्ध कराने की बात कही। अभ्यर्थियों के शारीरिक प्रशिक्षण हेतु नियमित ट्रेनर एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने एवं सप्ताह में एक दिन रांझी खेल मैदान या राईट टाउन स्टेडियम में शारीरिक प्रशिक्षण के लिये जिला खेल अधिकारी जरूरी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये । बैठक में जिला पंचायत में संपन्न हुई इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंजना तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम पांडे, जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे भी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक | मान्यता प्राप्त यूनियनों की स्थायी वार्ता बैठक आयोजित

# औद्योगिक संबंधों और परिचालन सुधारों पर की चर्चा



**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे में मुख्यालय स्तर पर महाप्रबंधक के साथ मान्यता प्राप्त यूनियनों की स्थायी वार्ता तंत्र (पीएनएम) बैठकें समय-समय पर आयोजित की जाती हैं, जिसमें औद्योगिक संबंधों और परिचालन सुधारों पर चर्चा होती है। इसी क्रम में 07 मई को महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के साथ वर्ष 2026 की पहली पीएनएम बैठक आयोजित की गई, जिसमें मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हुए। और यूनियन द्वारा संरक्षा, परिचालन सुधार एवं कर्मचारी कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में महाप्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि हमारा संगठन न केवल यातायात का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। और साथ ही पश्चिम मध्य रेल द्वारा नई परियोजनाओं का क्रियान्वयन, आधुनिक तकनीकों का उपयोग और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से सुरक्षित, आरामदायक यात्रा तथा सुगम और प्रभावी माल यातायात सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 पश्चिम मध्य रेल के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर कमीशनिंग, नई लाइन निर्माण, दोहरीकरण तिहरीकरण, रेल फ्लाईओवर निर्माण, स्क्रैप बिक्री, यात्री सुविधाओं में विस्तार, तकनीकी नवाचार के प्रयोग से संरक्षित रेल परिचालन सहित उपलब्धियों से भरा वर्ष साबित हुआ है।

### कर्मचारियों के बीच संबंध मज़बूत हो

पीएनएम बैठक में महाप्रबंधक श्री सिंह ने रेलवे के परिचालन में सुधार के लिए कर्मचारी भागीदारी पर जोर दिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य रेलवे प्रशासन और कर्मचारियों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना, परिचालन में आ रही दिक्कतों को दूर करना और कर्मचारी कल्याण से जुड़े मुद्दों का समाधान करना है। बैठकों में की गई चर्चा के आधार पर कार्यवृत्त जारी किए जाते हैं और लंबित मामलों पर भी विचार कर आवश्यक कार्यवाही एवं आश्वासन सुनिश्चित किया जाता है। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. डी. पाटीदार, मुख्य कार्मिक अधिकारी आईआर अजय कुमार दीक्षित एवं सचिव महाप्रबंधक जे पी सिंह सहित और अन्य वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी तथा मुख्य कल्याण निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तस्कर भागा शराब पकड़ाई

**जबलपुर।** घमापुर पुलिस ने गणेश चौक मरघटाई रोड पर घेराबंदी की तो तस्कर चमका देकर भाग निकला। हालांकि पुलिस ने मौके से 16 बॉटल एवं 124 पाव अंग्रेजी, 134 पाव देशी शराब जप्त की है। घमापुर थाना प्रभारी दिनेश गौतम ने बताया कि गणेश चौक मरघटाई रोड पर दबिश दी गई तो शराब तस्कर राकेश वंशकार पुलिस को आता देख झाडियों एवं पथरीले इलाके का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया मौके पर चैक करने पर अंग्रेजी शराब मैकडावल की 8 बॉटल, ओसी की 6 बॉटल, बीपी की 2 बॉटल एवं 8 पीएम के 49 पाव, बीपी के 40 पाव, एमडी के 35 पाव तथा 134 पाव देशी शराब कुल कीमती 42 हजार रूपये की जब्त की गई। आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये फरार आरोपी की तलाश जारी है।